वर्ष 1 - अंक 42
सोमवार 13 जनवरी 2025- कुल पृष्ठ - 4
RNI - NO. MPHIN/2015/64585

# रणजीत टाइम्स

# ट्रंप पर हमले की सटीक भविष्यवाणी

## ट्रंप पर हमले की सटीक भविष्यवाणी करने वाले पादरी ने अब दी प्रलय की चेतावनी, दावा किया- हजारों लोग मरेंगे



डोनाल्ड ट्रंप को लेकर सटीक भविष्यवाणी करने वाले पादरी ने अब एक और भविष्यवाणी की है और प्रलय की चेतावनी दी है। ओकलाहोमा के पादरी और स्वयंभू भविष्यवक्ता बैंडन डेल बिग्स ने डोनाल्ड ट्रंप पर जानलेवा हमले की एकदम सही भविष्यवाणी की थी। अब उस पादरी ने कहा है कि अमेरिका में 10 रिक्टर स्केल का तूफान आएगा और उसमें हजारों लोग मारे जाएंगे।

# संजय अग्रवाल होंगे

## उज्जैन भाजपा नगर अध्यक्ष



### व्यक्तिगत परिचय

नाम - संजय अग्रवाल
पिता - स्व. बद्रीलाल जी अग्रवाल
जन्म तारीख - 16 /06/1968
शिक्षा - स्नातक (बी.कॉम)
व्यवसाय - दाल, बेसन के व्यापारी
पता - 20, उदयन मार्ग, उज्जैन
मोबाइल - 9425092288
वर्तमान - भाजपा नगर जिला महामंत्री

### दायित्वों का निर्वहन -

अध्यक्ष, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद माधव कॉलेज इकाई
नगर कोषाध्यक्ष, भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला महामंत्री, भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष, भाजपा उद्योग प्रकोष्ठ नगर मंत्री, भाजपा
नगर उपाध्यक्ष, भाजपा
बाल्यकाल से स्वयंसेवक

### अन्य दायित्व

पूर्व अध्यक्ष, दौलतगंज व्यापारी एसोसिएशन (6वर्ष)
पूर्व सचिव, दौलतगंज व्यापारी एसोसिएशन (4वर्ष)
पूर्व विधायक प्रतिनिधि, उद्योग विभाग
पूर्व अध्यक्ष, झोन चैयरमैन,
रीजन चैयरमैन,
डिस्ट्रिक्ट ट्रेजरार, लायंस क्लब
क्लासिक राजनेतिक व सामाजिक आंदालनों में सहभागिता

# 16 मौतें 56000 एकड़ जमीन खाक



## कैलिफोर्निया में आग का तांडव जारी ऐसे हैं ताजा हालात

लॉस एंजिल्स के जंगलों में लगी आग आज तक बुझ नहीं पाई है. कैलिफोर्निया के गवर्नर ने बताया कि ये इतिहास की सबसे बड़ी आग है. इस आग में अमेरिका का अरबों डॉलरों का नुकसान हुआ है। इस आग ने 56 हजार एकड़ से ज्यादा जमीन को अपनी चपेट में ले लिया है। 1 लाख से ज्यादा लोगों को घर छोड़ना पड़ा है तो वहीं कई फिल्मी सितारों और नेताओं के घर भी इस आग में जलकर खाक हो चुके हैं. जिसमें 16 लोगों की मौत भी हो चुकी है कई लोगों के लापता होने की आशंका है।





# नुक्कड़ नाटक के माध्यम से, खजराना मंदिर परिसर इंदौर में दिया लोगों को सड़क सुरक्षा जागरूकता का संदेश

**रणजीत टाइम्स (संवाददाता)**

इंदौर। इंदौर शहर में सुगम, सुरक्षित व सुखद यातायात हेतु आमजन मानस को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से, वरिष्ठ अधिकारियों के दिशा निर्देशन में यातायात प्रबंधन पुलिस द्वारा निरंतर पुलिस उपायुक्त, यातायात प्रबंधन, नगरीय इंदौर अरविंद तिवारी के मार्गदर्शन में जागरूकता कार्यक्रम किये जा रहे हैं।

इसी कड़ी में अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त अरविंद तिवारी यातायात क्षेत्र-1 व सहायक पुलिस आयुक्त हिंदू सिंह मुवेल के नेतृत्व में 56 दुकान, राजवाड़ा, भंवरकुआ के पश्चात खजराना मंदिर परिसर में सड़क सुरक्षा नुक्कड़ नाटक कार्यक्रम रखा गया।

नाटक नटराज थियेटर ग्रुप की टीम द्वारा अर्जुन नायक के निर्देशन में किया गया। यातायात एजुकेशन विंग की टीम द्वारा नियमो की गम्भीरता से रूबरू करवाया गया।

> श्रद्धालुओं ने टीम का उत्साह वर्धन कर ली, यातायात नियमों के पालन करने की शपथ

नाटक कलाकारों ने दो पहिया वाहन चालकों को हेलमेट, चार पहिया वाहन चालको को सीट बेल्ट लगाने की सीख दी, साथ ही शराब पीकर वाहन नही चलाने, ओव्हर स्पीडिंग के बुरे परिणाम, रेड लाइट पर वाहन स्टॉप लाइन के पीछे खड़ा रखने, वाहन चलाते मोबाइल फोन पर बात नहीं करने जैसे संदेशों को अभिनय के माध्यम से आम जनमानस के समक्ष प्रस्तुत किया। सभी ने जोरदार ताली बजाकर टीम का उत्साह वर्धन किया और नियमों के पालन की शपथ ली।

यातायात प्रबंधन की टीम व नटराज थिएटर ग्रुप एण्ड फ़िल्म प्रोडक्शन की प्रस्तुति में नुक्कड़ नाटक के पात्र अर्जुन नायक, निष्ठा मौर्य, युवराज सिंह, कृष्णा रघुवंशी, गौरव भाटी, नीरज मानकर, आलोक शर्मा, युवराज सिंह, कबीर पटेल, परमीत वर्मा ने मंचन किया। आगे भी शहर के विभिन्न चौराहा, मॉल आदि क्षेत्रों में यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से नुक्कड़ नाटक टीम द्वारा आयोजित किया जाएगा।

# राष्ट्रीय युवा दिवस पर खनियाधाना के विद्यालयों में सूर्य नमस्कार का आयोजन

**रणजीत टाइम्स जगदीश पाल**

खनियाधाना में राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर समस्त माध्यमिक विद्यालयों, हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी स्कूलों में सूर्य नमस्कार का कार्यक्रम आयोजित किया गया।



इस कार्यक्रम में युग पुरुष स्वामी विवेकानंद जी के जीवन पर प्रकाश डाला गया ! कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भोपाल में आयोजित एक कार्यक्रम के माध्यम से किया गया, जिसका संबोधन सीधे ही आकाशवाणी केंद्र द्वारा प्रसारित किया गया। निर्देशानुसार, विद्यालय में सूर्य नमस्कार, योग, प्राणायाम और अन्य योगासनों का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, पत्रकारों, स्टाफ, ग्रामीण जन और बच्चों ने उत्साह और सक्रियता के साथ भाग लिया। इस अवसर पर, विद्यालयों में योग और सूर्य नमस्कार के महत्व पर प्रकाश डाला गया। बच्चों और युवाओं को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और योग को अपने दैनिक जीवन में शामिल करने के लिए प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान, विद्यालयों में योग प्रशिक्षकों द्वारा योग और सूर्य नमस्कार के विभिन्न आसनों का प्रदर्शन किया गया। बच्चों और युवाओं ने इन आसनों को सीखने और अपने जीवन में शामिल करने के लिए उत्साह दिखाया।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में स्वस्थ जीवनशैली और योग के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। विद्यालयों में आयोजित इस कार्यक्रम ने युवाओं को स्वस्थ और सक्रिय जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया।

# 64 पेटी देसी शराब की पेटी जप्त

**बोलेरो वाहन और पिकअप वाहन से कर रहे थे तस्करी, 4 आरोपी गिरफ्तार**

**ऋषि गोस्वामी**

शिवपुरीः जिले की पिछोर थाना पुलिस ने चार आरोपियों से 64 पेटी देशी मदिरा प्लेन कीमती 2 लाख 24 हजार रुपए सहित बोलेरो पिकअप वाहन, तवेरा कार जप्त कर चार आरोपियों को गिरफ्तार किया हैं।

पिछोर थाना प्रभारी जितेंद्र मावई ने बताया की 12 जनबरी 2025 को सूचना पर मॉडल स्कूल के पीछे बिजली के बड़े खम्बे के पास बाचरौन पहुचे तो एक बोलेरो पिकअप गाड़ी से एक तवेरा गाड़ी मे कुछ लोग पेटिया रखते हुए दिखे जिन्हे घेरकर पकड़ा पकड़े गए व्यक्तियो से नाम पता पूछा तो एक ने अपना नाम मंगल लोधी पुत्र लखनलाल लोधी उम्र 25 साल निवासी ग्राम राजपुर थाना पिछोर, दुसरे व्यक्ति ने अपना नाम अनेक सिंह पुत्र रामसिंह लोधी उम्र 19 साल निवासी टाला पहाड़ी थाना खनियाधाना ,तीसरे व्यक्ति ने अपना नाम प्राणसिंह पुत्र मोकम सिंह यादव उम्र 23 साल निवासी भगवंतपुरा थाना पिछोर , चौथे ने अपना नाम मनोज पुत्र प्रागीलाल लोधी उम्र 26 साल निवासी ग्राम राजपुर थाना पिछोर जिला शिवपुरी के होना बताया। तवेरा कार को चैक किया तो उसमें पीछे की 11 पेटियाँ देशी प्लेन शराब की रखी मिली तथा बोलेरो





पिकअप गाड़ी को चैक किया तो उसमे 53 पेटियाँ देशी प्लेन शराब रखी मिली। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरु कर दी हैं।

# पुलिस थाना एरोड्रम पुलिस द्वारा गांजा बेचने वाले व पीने वाले कुल 04 आरोपियो पर की गई बड़ी कार्यवाही

**पुलिस की गिरफ्त में आये**

**02 सातिर गांजा तस्कर**





आरोपियो से बरामद मादक पदार्थ गांजा कुल 1 किलो 195 ग्राम कीमती 8400/- रु. व एक एक्टिवा वाहन के साथ 02 गांजा पीने वाले पकड़े गये।

इंदौर नगरीय क्षेत्र में बढ़ते नशे में अंकुश लगाने व प्रभावी कार्यवाही करने हेतु पुलिस आयुक्त महोदय इंदौर संतोष कुमार सिंह, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (कानून और व्यवस्था) इंदौर अमित सिंह द्वारा निर्देश दिये गये थे। उक्त निर्देशो के पालन में पुलिस उपायुक्त जोन 01 इंदौर विनोद कुमार मीना द्वारा दिये गये मार्गदर्शन अनुसार, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त आलोक शर्मा एंव सहायक पुलिस आयुक्त मल्हारगंज विवेक सिंह चौहान सर के द्वारा कार्यवाही के निर्देश दिये गये थे।

उक्त निर्देशों के पालन में थाना एरोड्रम पर थाना प्रभारी एरोड्रम के नेतृत्व में टीम गठित कर नशे का कारोबार करने बालो व नशा करने वालो पर कार्यवाही करने के लिये भेजा गया ईलाका भ्रमण के दौरान लक्ष्मी नगर शिव मन्दिर के पिछे दो व्यक्ति सिगरेट जला कर पीते हुये दिखाई दिये व दूर से गांजे कि दुर्गंध जा रही थी जो की संभवत: गांजा सिगरेट में भरकर पी रहे थे जिन्हें फोर्स की मदद से घेराबंदी कर पकडा गया और उनके कब्जे से एक गांजे की अधजली/अधभरी सिगरेट एवं लाईटर पुलिस कब्जे में लिया पकडे गये व्यक्तियों से उनके नाम पता पूछते उन्होंने अपना अपना नाम व पता 1. अंकित पिता अर्जुन सिंह ठाकुर उम्र. 25 साल निवासी 356 केदार नगर इन्दौर, व 2. नरेन्द्र पिता भुजवल सिंह उम्र. 18 साल निवासी 356 केदार नगर इन्दौर बताया। पकडे गये व्यक्ति अंकित ठाक व नरेन्द्र सिंह से इस प्रकार से सार्वजनिक स्थान पर गांजे का सेवन करने का कृत्य पर से अपराध क. 31/25 धारा 8/27 एन.डी. पी.एस. एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया जाकर धारा 170 बीएनएसएस के तहत दोनो को जेल भेजा गया।

पकड़े गये आरोपियो से गांजा खरीदने के संबंध में पूछताछ करते आरोपियों ने गांजा बलिहारी उर्फ बल्लू सोलंकी व कमलेश उर्फ गोलू काप्से से खरीदना बताये जिस पर मुखबिर मामूर कर उक्त संदेही व्यक्तियो की तलाश हेतु टीम गठित कर पकड़ने हेतु लगाया गया।

उक्त सूचना के आधार पर टीम गठित कर हिंकारगिरी तिराहा बिजासन रोड़ इंदौर पर गांजा लेकर आने की सोहरत प्राप्त होने पर आने जाने वाले संधिग्ध लोगो व संधिग्ध वाहनो की स्टापर लगाकर मय फोर्स के साथ चैकिंग लगाई गई चैकिंग के दौरान दो व्यक्ति एक्टिवा होण्डा कं. MP.09.SV.0980 पर बैठकर आते हुये संदिग्ध दिखे जिन्हें हमराही बल की मदद से रोका जिनके नाम पता पूछते 1. बलिहारी उर्फ बल्लू पिता सीलम सोलंकी उम्र 42 साल निवासी दिलीप नगर इंदौर, 2. कमलेश उर्फ गोलू पिता सुभाष काप्से उम्र 37 साल निवासी 4 श्री लक्ष्मी नगर छोटा बागड़दा रोड़ इंदौर बताये तब एक्टिवा पर पीछे बैठे व्यक्ति के हाथ में एक थैली नुमा झोला था जिसे चेक करने पर अवैध मादक पदार्थ गांजा जैसा दिखा, मादक पदार्थ गाजा को मय थैली के इलेक्ट्रानिक तौल कांटे से वजन किया जिसका कुल वजन थैली सहित 1 किलो 195 ग्राम कीमती लगभग 8400/- रूपये का होना पाया जाने से मादक पदार्थ गांजे को जप्त कर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया जिस पर से आरोपियो के बिरुरुद अपराध क्रमांक 38/2025 धारा 8/20 NDPS ACT का पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया।पी आर लेकर विवेचना की जा रही है

उक्त संपूर्ण कार्यवाही में निरीक्षक राजेश साहू थाना प्रभारी एरोड्रम इंदौर, उनि श्यामलाल तंवर, उनि रुपाली श्रीवास्तव, सउनि रविराजसिंह बैस, सउनि मनोज चौहान, प्रआर. 1990 पवन पाण्डे, प्रआर. 3229 विलियम, प्रआर, 1829 सुनील पटेल, आर. 262 संजय दांगी, बार.503 राजू रावत, आर.2164 विशाल, आर. 3723 जितेन्द्र रावत, बार. 2865 मनीष की सराहनीय भूमिका रही।

# स्वामी विवेकानंद जयंती पर विधायक ने लिया सामूहिक सूर्य नमस्कार में भाग



## विधायक नें छात्राओं को निःशुल्क साइकिल वितरण सहित रंगमंच तथा बाउंड्रीवाल का किया भूमि पूजन

**दैनिक रणजीत टाइम्स जगदीश पाल**

पिछोर (शिवपुरी) पिछोर में राष्ट्रीय युवा दिवस स्वामी विवेकानंदजी की जयंती के अवसर पर क्षेत्रीय विधायक प्रीतम सिंह लोधी के मुख्यआतिथ्ये में 12 जनवरी रविवार को शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल में सामूहिक सूर्य नमस्कार,भूमि पूजन तथा साइकिल वितरण का कार्यक्रम का आयोजन किया गया !



विधायक द्वारा कार्यक्रम के दौरान सर्वप्रथम मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पूजा अर्चना की गईं इसके तत्पश्चात विद्यालय परिवार द्वारा सभी अतिथियों का माल्यार्पण का स्वागत किया गया ! इस मौके पर एसडीएम शिवदयाल धाकड़, तहसीलदार शिवशंकर सिंह गुर्जर, विकासखंड शिक्षा अधिकारी विनोद गुप्ता, बीआरसीसी सुरेश गुप्ता, प्रभारी प्राचार्य विजयराम लोधी, देवेंद्र तिवारी, विकासखंड योग प्रभारी राहुल देव पुरोहित,कुलदीप सोनी, संवाद मित्र आनंद लिटोरिया तथा विद्यालय के समस्त कर्मचारी सहित छात्राएं उपस्थित थीं !

कार्यक्रम का भोपाल से सीधा प्रसारण सुना गया इसके ही साथ ही सूर्य नमस्कार के साथ योग प्रभारी द्वारा विभिन्न आसनों में योग कराया गया !विधायक द्वारा योग पर प्रकाश डालते हुए उद्बोधन दिया,साथ ही उन्होंनें कहा कि पिछले वर्ष भी मैं इसी विद्यालय में आया था और मैं आप लोगों के बीच जो घोषणा करके गया था,उसको मैंने पूरा भी किया था ! आज फिर मैं आपके विद्यालय के लिये रंगमंच एवं बाउंड्रीबाल दो चीजों को लेकर आपके विद्यालय का भूमि पूजन करके जा रहा हूँ जिसका कार्य शीघ्र ही पूरा किया जाएगा ! इसके साथ-साथ उन्होंने विद्यालय में शासन द्वारा निःशुल्क वितरण की जाने वाली साइकिलों का वितरण भी किया तथा आईसीटी लैब का भी उद्घाटन किया ! इस दौरान पिछोर एसडीएम धाकड़ द्वारा स्वामी विवेकानंद पर प्रकाश डालते हुए योग के संबंध में छात्राओं को जानकारी दी गई ! विकासखंड शिक्षा अधिकारी तथा प्रभारी प्राचार्य द्वारा भी सारगर्वित उद्बोधन दिया गया !

# भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा द्वारा विश्राम बाग में मनाया गया मकर संक्रांति पर्व

इंदौर। भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा द्वारा विश्रम बाग में हर्षोल्लास के साथ मकर संक्रांति पर्व मनाया गया। महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष श्रीमती शैलजा मिश्रा ने बताया कि महिलाओं ने गिल्ली डंडा, रस्साकशी, चेयर रेस व साथ ही अन्य खेल खेलकर त्योहार का आनंद लिया। खेल में प्रथम आने वाली महिला मोर्चा कार्यकर्ताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए ।नगर उपाध्यक्ष श्रीमती वृंदा गौड़ ने बताया कि नगर पदाधिकारी बहनों ने महिलाओं को हल्दी कुमकुम लगातार उपहार भी दिए। कार्यक्रम का संचालन महिला मोर्चा नगर महामंत्री श्रीमती कंचन गिदवानी ने किया। इस अवसर पर पूर्व महापौर श्रीमती उमा शशि शर्मा , श्रीमती अंजू मखीजा, वरिष्ठ नेत्री श्रीमती बापट ताई, श्रीमती वीणा वर्मा,श्रीमती ज्योति तोमर , श्रीमती विमला मनाग्रे ,श्रीमती सुषमा पटेल एवं सुश्री सुधा सुखयानी सहित बड़ी संख्या में महिला मोर्चा कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।



"मकर संक्रांतिः सूर्य की नई दिशा, जीवन में नई आशा"

# मकर संक्रांति

## भारतीय संस्कृति का प्रकाश पर्व

मकर संक्रांति भारतीय संस्कृति और परंपराओं का एक ऐसा पर्व है, जो न केवल आध्यात्मिक, बल्कि खगोलीय और सामाजिक दृष्टि से भी विशेष महत्व रखता है। यह त्योहार हर साल 14 या 15 जनवरी को मनाया जाता है, जब सूर्य धनु राशि से मकर राशि में प्रवेश करता है। यह संक्रमण न केवल ऋतुओं के परिवर्तन का संकेत देता है, बल्कि इसे एक नई ऊर्जा और सकारात्मकता का आरंभ भी माना जाता है।

### खगोलीय और आध्यात्मिक महत्व

मकर संक्रांति सूर्य के उत्तरायण होने का प्रतीक है। इसे 'उत्तरायण' का आरंभ भी कहा जाता है, जो दिन और रात की अवधि में वृद्धि का संकेत देता है। उत्तरायण को आध्यात्मिक रूप से शुभ माना जाता है और इसे आत्मा की उन्नति और मोक्ष की ओर बढ़ने का समय कहा गया है। महाभारत के भीष्म पितामह ने अपनी देह त्याग के लिए उत्तरायण का समय चुना था।

### सामाजिक और सांस्कृतिक पहलू

मकर संक्रांति भारत के विभिन्न राज्यों में विभिन्न नामों और परंपराओं के साथ मनाई जाती है। पंजाब में इसे 'लोहड़ी' के रूप में मनाया जाता है, जहाँ आग जलाकर फसल की समृद्धि के लिए आभार व्यक्त किया जाता है। गुजरात और राजस्थान में 'उत्तरायण' के नाम से यह पर्व पतंगबाजी के साथ मनाया जाता है। तमिलनाडु में 'पोंगल' और बंगाल में 'पौष संक्रांति' मनाई जाती है, जहाँ मीठे व्यंजनों का विशेष महत्व है। महाराष्ट्र में तिलगुड़ बाँटने की परंपरा है, जो आपसी प्रेम और सौहार्द का प्रतीक है।

### संक्रांति के व्यंजन और परंपराएं

मकर संक्रांति पर तिल और गुड़ से बने व्यंजन जैसे तिलगुड़, तिल लड्डू और खिचड़ी बनाने की परंपरा है। तिल और गुड़ का मेल केवल स्वाद का नहीं, बल्कि गर्मी और ऊर्जा का भी प्रतीक है, जो ठंड के मौसम में शरीर को स्वस्थ रखने में सहायक है।

### पर्यावरण और कृषि से संबंध

मकर संक्रांति फसल की कटाई का पर्व भी है। यह किसानों के लिए उत्सव का समय होता है, जब उनकी मेहनत रंग लाती है। इस दिन को पर्यावरण संरक्षण और प्रकृति से जुड़ने का संदेश देने वाला भी माना जाता है

### आधुनिकता और पारंपरिकता का मेल

आज के युग में मकर संक्रांति का महत्व केवल धार्मिक या खगोलीय नहीं है, बल्कि यह त्योहार हमें हमारी जड़ों से जोड़ता है। पतंगबाजी, सामूहिक भोज, और मेल-मिलाप के माध्यम से यह त्योहार सभी को एकता और सामंजस्य का संदेश देता है।

### निष्कर्ष

मकर संक्रांति न केवल सूर्य के मकर राशि में प्रवेश का पर्व है, बल्कि यह जीवन में उजाले, सकारात्मकता और नई शुरुआत का प्रतीक है। यह त्योहार हमें हमारी संस्कृति, परंपराओं और प्रकृति के साथ संतुलन बनाए रखने की प्रेरणा देता है। इस पर्व पर हम सभी को अपने जीवन में नई ऊर्जा का स्वागत करना चाहिए और समाज में प्रेम, भाईचारे और शांति का प्रसार करना चाहिए।

"तिल गुड़ घ्या, गोड़ गोड़ बोला!"
(तिल-गुड़ खाओ और मीठा-मीठा बोलो।)

# चमत्कारी गवली बाबा

रणजीत टाइम्स (संवाददाता)



प्राचीन समय की बात है जब धार रोड सिंगल था एवं रोड ज्यादा बना हुआ भी नहीं था उसे समय चमत्कारी गवली बाबा साथ ही गाड़ी हांकने वाला गाड़ी वान बैलगाड़ी के द्वारा रोड से गुजर रहे थे तभी श्रीराम तलावली चौराहे के पास पुलिया है वहां पर उनकी बैलगाड़ी पलटी खा गई थी जिसमें गवली बाबा, गाड़ी वान ,और साथ ही बेल सब एक साथ एक्सपायर हो गए थे। फिर उनकी मूर्ति बिठाई गई, बाबा की मूर्ति में रोड पर थी तभी से बाबा बहुत ही चमत्कारी है, रोड बना हाईवे। तब समस्त ग्राम वासी श्रीराम तलावली के सभी लोगों ने चमत्कारी गवली बाबा को साइड में मंदिर बनवाया एवं इस समय समस्त ग्रामवासी के सहयोग से भव्य भंडारा हुआ और अब भी प्रतिवर्ष समस्त ग्रामवासी के द्वारा यहां भंडारा किया जाता है इसी महा जनवरी में 29 जनवरी 2025 बुधवार सुबहान मौनी अमावस्या को इस वर्ष भी भंडारा है जो 4:00 बजे से लेकर बाबा की इच्छा तक रहेगा इस भंडारे में 8 से 10000 लोगों का आने का अनुमान है। बाबा बहुत ही चमत्कारी है जो भी जन मनोकामना लेकर जाता है उसकी समस्त मनोकामना पूर्ण होती है यहां बहुत ही चमत्कारी बाबा है। समस्त ग्राम वासियों को यहां भी पता नहीं है कि लोग कहां-कहां से आते हैं एवं मनोकामना पूर्ण होने के बाद बाबा के दर्शन करने आते हैं और साथ ही जो उनसे बनता है फूल या फूलों की पंखुड़ी चढ़ा कर जाते हैं यही है हमारे चमत्कारी गवली बाबा है।

# राष्ट्रीय युवा दिवसः स्वामी विवेकानंद के विचारों से प्रेरणा का पर्व

भारत हर साल 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में स्वामी विवेकानंद की जयंती के उपलक्ष्य में मनाता है। यह दिन युवाओं को प्रेरित करने और समाज निर्माण में उनकी भूमिका को पहचानने के लिए समर्पित है। स्वामी विवेकानंद का जीवन, उनके विचार और उनके आदर्श युवा पीढ़ी के लिए आज भी प्रेरणादायक हैं।

### स्वामी विवेकानंदः युवाओं के प्रेरणास्त्रोत

स्वामी विवेकानंद ने अपने छोटे से जीवनकाल में विश्व भर में भारतीय संस्कृति, धर्म और दर्शन का प्रचार किया। उनके विचार युवाओं को न केवल आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा देते हैं, बल्कि उन्हें अपने जीवन का उद्देश्य समझने और समाज के प्रति अपने कर्तव्यों का बोध भी कराते हैं। उनका प्रसिद्ध कथन, "उठो, जागो और तब तक मत रुको, जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए" हर युवा को अपने सपनों को साकार करने की ऊर्जा देता है।

### राष्ट्रीय युवा दिवस का उद्देश्य

इस दिन का मुख्य उद्देश्य युवा पीढ़ी में सकारात्मक सोच, नेतृत्व क्षमता और आत्मविश्वास विकसित करना है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि युवा किसी भी देश की सबसे बड़ी शक्ति हैं, और यदि उन्हें सही दिशा और प्रेरणा दी जाए, तो वे समाज में बदलाव लाने की ताकत रखते हैं।

### कार्यक्रम और आयोजन

राष्ट्रीय युवा दिवस पर देश भर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं:

शैक्षिक संस्थानों में सेमिनार और व्याख्यानः स्वामी विवेकानंद के जीवन और विचारों पर आधारित।

युवा महोत्सव और प्रतियोगिताएँ: जिसमें युवाओं की प्रतिभा और रचनात्मकता को प्रोत्साहित किया जाता है।

सामाजिक अभियान : युवा स्वयंसेवी कार्यक्रम और समाज कल्याण से जुड़े आयोजन।

युवाओं के लिए स्वामी विवेकानंद के विचार

1. आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरताः विवेकानंद ने युवाओं को अपने ऊपर विश्वास रखने की प्रेरणा दी।

2. शारीरिक और मानसिक शक्तिः उनका मानना था कि युवा को शारीरिक रूप से मजबूत और मानसिक रूप से सकारात्मक होना चाहिए।

3. शिक्षा का महत्वः शिक्षा केवल जानकारी का संग्रह नहीं, बल्कि आत्मबोध और चरित्र निर्माण का साधन होनी चाहिए।



4. धर्म और मानवताः उन्होंने धर्म को मानवता के उत्थान का मार्ग बताया और जाति-धर्म से ऊपर उठकर समाज सेवा की प्रेरणा दी।

आज के संदर्भ में युवा दिवस का महत्व

आज के दौर में, जब युवा पीढ़ी तेजी से बदलती तकनीक और प्रतिस्पर्धा से घिरी हुई है, स्वामी विवेकानंद के विचार पहले से अधिक प्रासंगिक हो गए हैं। उनका जीवन संदेश युवाओं को यह समझने में मदद करता है कि असफलता केवल अनुभव है और सफलता का आधार मेहनत और धैर्य है।

### निष्कर्ष

राष्ट्रीय युवा दिवस केवल एक तिथि नहीं, बल्कि यह एक मौका है, अपने भीतर के स्वामी विवेकानंद को पहचानने का। यह युवाओं को प्रेरित करता है कि वे अपने जीवन का उद्देश्य तय करें और अपने कौशल और ऊर्जा का उपयोग देश और समाज के निर्माण में करें।

स्वामी विवेकानंद के शब्दों में:

"युवाओं, अपनी शक्ति को पहचानो। तुम्हीं देश के भविष्य हो।"

आइए, इस युवा दिवस पर हम अपने भीतर नए उत्साह का संचार करें और स्वामी विवेकानंद के विचारों को अपने जीवन में अपनाएं।



# भारतीय किसान यूनियन सुनील का रामपुर में हुआ विस्तार, दर्जनों लोगों को दिए नियुक्ति पत्र, संगठन की कराई संस्था ग्रहण, जिला अध्यक्ष लालता प्रसाद गंगवार (समाजसेवी)



**रणजीत टाइम्स (संवाददाता)**

रामपुर। दिनांक 11 जनवरी 2025 को भारतीय किसान यूनियन सुनील की पंचायत रामपुर शहर के आसरा कॉलोनी में संपन्न हुई पंचायत के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन चतुर्वेदी थे अध्यक्षता जिला अध्यक्ष लालता प्रसाद गंगवार (समाजसेवी) ने की पंचायत में दर्जनों महिलाओं पुरुषों युवाओं ने अन्य संगठनो से त्यागपत्र देकर भारतीय किसान यूनियन सुनील की सदस्यता ग्रहण की।

संगठन की सदस्यता ग्रहण करने वालों में प्रमुख रूप से इरफान खान जमाल खान शोभन खान गोलमवेश खान वीरू खान फहीम खान राजा खान रहात जान जफर खान सुहाना परवान नूरजहां बेबी सायरा साहिरा समी खान सलमान खान जुनैद खान आदि ने संगठन की सदस्यता ग्रहण की, जिला अध्यक्ष लालता प्रसाद गंगवार (समाजसेवी) ने इरफान खान को भारतीय किसान यूनियन सुनील का जिला महासचिव नियुक्त किया गया, सभी नवनियुक्त सदस्यों को भारतीय किसान यूनियन सुनील के राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन चतुर्वेदी जिला अध्यक्ष लालता प्रसाद गंगवार ने सदस्यता ग्रहण कराई, पंचायत मे राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन चतुर्वेदी, जिला अध्यक्ष लालता प्रसाद गंगवार (समाजसेवी) राष्ट्रीय सचिव सन्नू खान का माला पहनकर भव्य स्वागत किया गया राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन चतुर्वेदी राष्ट्रीय सचिव सन्नू खान ने कहा सभी नवनियुक्त पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्रो में गरीब मजदूर किसानों को संगठन की नीतियों से अवगत कराकर संगठन से जोड़ने का काम करें वर्तमान सरकार किसान हित में कुछ नहीं कर रही

जिला अध्यक्ष लालता प्रसाद गंगवार (समाजसेवी) ने कहा जनपद रामपुर में संगठन का विस्तार किया जा रहा है, सभी तहसीलों में कमेटी गठित की जाएगी काम करने वाले कार्यकर्ताओं को ही पद दिए जाएंगे, पंचायत में प्रमुख रूप से राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन चतुर्वेदी, राष्ट्रीय सचिव सन्नू खान, जिला अध्यक्ष लालता प्रसाद गंगवार, सतीश गंगवार, विपिन गंगवार, महावीर गंगवार, देवेंद्र गंगवार, प्रमुख रूप से मौजूद थे।



# गेटवे ग्रुप

## 17 वर्षों की सफलता की अनोखी कहानी



14 जनवरी 2025, मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर गेटवे ग्रुप अपने गौरवशाली 17 वर्षों की यात्रा पूरी कर रहा है। इस ऐतिहासिक दिन पर, कंपनी अपनी वर्षगांठ को बड़ी धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाने के लिए तैयार है। यह अवसर न केवल कंपनी के लिए एक मील का पत्थर है, बल्कि उन सभी ग्राहकों, एसोसिएट पार्टनर्स और कर्मचारियों के लिए भी गर्व का पल है, जिन्होंने इस सफर को यादगार बनाया।

### गेटवे ग्रुप की शुरुआतः एक सपने को साकार करने की पहल

### 17 साल पहले, गेटवे ग्रुप की नींव एक सशक्त विचार के साथ रखी गई थीः "हर ग्राहक के सपनों का घर साकार करना।"

घर, केवल एक इमारत नहीं, बल्कि एक ऐसी जगह है जहां सपने आकार लेते हैं, परिवारों का निर्माण होता है, और जिंदगी के खूबसूरत पल गढ़े जाते हैं। इसी सोच के साथ गेटवे ग्रुप ने अपनी यात्रा शुरू की और आज यह रियल एस्टेट के क्षेत्र में एक प्रतिष्ठित नाम बन गया है।

### सेकंड होम का शानदार कॉन्सेप्टः फार्म हाउस वाला

ग्राहकों की बदलती जरूरतों और उनकी जीवनशैली को ध्यान में रखते हुए, गेटवे ग्रुप ने अपने नए प्रोजेक्ट "फार्म हाउस वाला" के माध्यम से सेकंड होम का अनूठा और शानदार कॉन्सेप्ट पेश किया।

यह कॉन्सेप्ट उन लोगों के लिए एक बेहतरीन विकल्प है, जो शहर की भागदौड़ से दूर, प्रकृति की गोद में एक शांत और सुकून भरा जीवन चाहते हैं।

इस प्रोजेक्ट के तहत, पूर्वी भारत में फार्म हाउस वाली लोकेशन को विकसित कर, एक नई जीवनशैली का द्वार खोला गया है।

ग्राहकों की संतुष्टि और विश्वासः सफलता की कुंजी गेटवे ग्रुप की सबसे बड़ी ताकत है ग्राहकों का विश्वास। हर ग्राहक के लिए उनकी जरूरतों के अनुसार बेहतरीन समाधान प्रदान करना। पारदर्शिता, गुणवत्ता और समयबद्धता के साथ ग्राहकों के सपनों को हकीकत में बदलना। ग्राहकों के साथ एक मजबूत रिश्ता बनाना, जिसने कंपनी को न केवल बाजार में, बल्कि लोगों के दिलों में भी जगह दिलाई है। सफलता की कहानीः एसोसिएट पार्टनर्स और स्टाफ का योगदान

गेटवे ग्रुप की सफलता में इसके एसोसिएट पार्टनर्स और कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान है। उनकी मेहनत, लगन और समर्पण ने कंपनी को इस मुकाम तक पहुंचाया। हर वर्ष की तरह, इस वर्षगांठ पर, उनके प्रयासों और उपलब्धियों को सराहा जाएगा।

### आने वाले सालों का विज़न

गेटवे ग्रुप केवल एक कंपनी नहीं, बल्कि एक दृष्टिकोण है। भविष्य में, गेटवे ग्रुप नए प्रोजेक्ट्स और अभिनव विचारों के माध्यम से ग्राहकों की बदलती जरूरतों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। "फार्म हाउस वाला" और अन्य प्रोजेक्ट्स के जरिए, कंपनी भारत के रियल एस्टेट बाजार में एक नई पहचान स्थापित करने की दिशा में अग्रसर है।

### निष्कर्ष

गेटवे ग्रुप के 17 वर्षों की यह यात्रा, दृढ़ निश्चय, कड़ी मेहनत और एक सशक्त दृष्टिकोण का परिणाम है। यह सफलता उन सपनों को साकार करने की कहानी है, जो गेटवे ग्रुप के ग्राहकों ने देखे और कंपनी ने पूरे किए। इस मकर संक्रांति पर, आइए हम सब मिलकर गेटवे ग्रुप के इस गौरवशाली सफर का जश्न मनाएं और इसे आने वाले वर्षों में और ऊंचाइयों तक ले जाने का प्रण करें।

"हर घर एक सपना है, और हर सपना गेटवे ग्रुप के साथ पूरा होता है।"

**शुभकामनाएं और जय गेटवे ग्रुप!**